भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
एक मिनी रत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
जनसंपर्क विभाग
कोयला भवन कोयला नगर
धनबाद- 826005 (झारखंड)
वेबसाइट: www.bcclweb.in
ई मेल: bcclprodhanbad@gmail.com
से आई एन : U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relation Department
Koyla Bhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005 (Jharkhand).
Phone/Fax: 0326-2230202
website: www.bcclweb.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक 14-09-2021

प्रेस विज्ञप्ति

बीसीसीएल में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 14 सितंबर, 2021 को हिंदी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) श्री पी वी के आर मल्लिकार्जुन राव द्वारा की गयी। इस अवसर पर श्री कुमार अनिमेष, मुख्य सतर्कता अधिकारी भी उपस्थित रहे। श्री मल्लिकार्जुन राव ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हम हिंदी को अधिक से अधिक अपनी दिनचर्या में शामिल करें। हमारी पढ़ने व लिखने की आदत कम होती जा रही है, हम अपनी इस आदत को बढ़ावा दें। हम हिंदी को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें और गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें। इस अवसर पर श्री कुमार अनिमेष ने कहा कि इस देश में हिंदी ही संवाद के लिए सबसे उपयुक्त भाषा है। हिंदी को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया और फिल्मों की भूमिका बहुत सराहनीय रही है। आप सभी हिंदी बोलने में फख्र महसूस करें। हिंदी ने ही भारत को एकसूत्र पिरोया है। हमारा दायित्व है कि हम अपनी अगली पीढ़ी को भाषायी संस्कार स्थानांतरित करें।

इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार, माननीय कोयला मंत्री, भारत सरकार, अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड और अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बीसीसीएल के संदेश का भी वाचन किया गया। समारोह का आरंभ कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात हिंदी साहित्यकार मैथिली शरण गुप्त को पुष्पांजलि अर्पित की गयी और उनका जीवन परिचय दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान निदेशक (कार्मिक) महोदय द्वारा सभी को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलायी गयी। इस अवसर पर स्वागत वक्तव्य श्री विद्युत साहा, महाप्रबंधक (कार्मिक) द्वारा प्रस्तुत किया गया। राजभाषा पखवाड़ा-2021 के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम का विवरण श्री दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह का संचालन श्री उदयवीर सिंह, उप प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मा.सं.वि.) श्री विकास कुमार, महाप्रबंधक (जेएपी) श्री प्रकाश चंद्रा, महाप्रबंधक (सिविल), महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना), श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), श्री सुनील कुमार, मुख्य प्रबंधक (प्रशासन), श्री दीपक कुमार सिन्हा, प्रबंधक (सचिवीय/राजभाषा) समेत सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

उपमहाप्रबंधक (जन संपर्क)

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
राजभाषा पखवाड़ा–2021
(14 सितंबर से 28 सितंबर 2021)
राजभाषा विभाग, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड , कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
राजभाषा पखवाड़ा–2021